# मुख्य तथ्य

1. ''अनुसूचित वाणिज्य बैकों की जमाराशियां एवं ऋण की तिमाही सांख्यिकी - दिसंबर 2008'' दिसंबर 2008 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण पर आँकड़े दर्शाती है। ये आँकड़े मूलभूत-सांख्यिकीय विवरणियों (बीएस्आर)-7 पर आधारित होते हैं जिसे अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित) की सभी शाखाओं से प्राप्त किया जाता है।

2. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जिन बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों को सेवा दी उनकी संख्या 34,505 रही। इन केन्द्रों में से 28,230 एकल कार्यालय केंद्र (सिंगल ऑफिस सेंटर्स) थे और 58 केंद्र ऐसे थे जिनके बैंक कार्यालय 100 और इससे अधिक थे।

3. जमाराशियों के अनुसार क्रम में रखे गये शीर्ष सौ केंद्रों की जमाराशि कुल जमाराशि का 69.2 प्रतिशत और बैंक ऋण के हिसाब से शीर्ष सौ केंद्रों का बैंक ऋण कुल बैंक ऋण का 78.6 प्रतिशत था।दिसंबर 2007 में शीर्ष सौ केंद्रों का योगदान कुल जमाराशि में 69.6 प्रतिशत और सकल बैंक ऋण में 77.4 प्रतिशत था।दिसंबर 2008 में शीर्ष सौ केंद्रों की कुल जमा राशि में पिछले वर्ष से 20.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि दिसंबर 2007 में वही बढ़ोतरी 26.8 प्रतिशत थी। शीर्ष सौ केंद्रों के सकल बैंक ऋण में दिसंबर 2008 में 25.3 प्रतिशत की वृद्धि दिसंबर 2007 की 21.6 प्रतिशत वृद्धि से ज्यादा थी।

   कुल जमाराशियों की दृष्टि में शीर्ष 200 केंन्द्रों ने कुल रिपोर्टकर्ता कार्यालयों की संख्या में 31.3 प्रतिशत एवं कुल जमाराशियों में 74.2 प्रतिशत का योगदान किया। सकल बैंक ऋण में शीर्ष 200 केन्द्रों का हिस्सा कुल बैंक ऋण में 82.1 प्रतिशत रहा और रिपोर्टकर्ता कार्यालयों में 30.8 प्रतिशत था।

4. समूह के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कुल जमा राशियों में 48.3 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक और इसके सहयोगी बैंकों का योगदान 24.4 प्रतिशत का रहा। अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल जमा राशियों में क्रमश: 18.6 प्रतिशत, 5.7 प्रतिशत और 2.9 प्रतिशत का हिस्सा रहा। सकल बैंक ऋण के संदर्भ में कुल बैंक ऋण में सर्वाधिक 49.0 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंकों का रहा, जबकि इसके ठीक पीछे भारतीय स्टेट बैंक और इसके सहयोगी बैंक 23.4 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंक 18.7 प्रतिशत रहे। तुलनात्मक रुप से विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल बैंक ऋण में हिस्सा कम रहा क्रमश: 6.6 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत।

5. अखिल भारतीय स्तर पर दिसंबर 2008 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण और जमा राशियों (सी-डी) का अनुपात 74.8 प्रतिशत रहा। राज्यों /संघशासित क्षेत्रों में सर्वाधिक सी-डी का अनुपात चंडीगढ़ (113.4 प्रतिशत) में देखा गया, जबकि इसके ठीक बाद तमिलनाडु (112.9 प्रतिशत) का स्थान रहा। बैंक समूह स्तर पर सी-डी अनुपात अखिल भारतीय सी-डी अनुपात की तुलना में विदेशी बैंकों (85.9 प्रतिशत), राष्ट्रीयकृत बैंकों (75.8 प्रतिशत) और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंक (75.3 प्रतिशत) में अधिक रहा और भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों (71.5 प्रतिशत) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (58.6 प्रतिशत) के मामले में कम रहा। जनसंख्या समूह के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ऋण-जमाराशि (सी-डी) अनुपात में महानगर (मेट्रोपोलिटन) केंद्रों का सी-डी अनुपात सर्वाधिक (89.9 प्रतिशत) रहा। ग्रामीण केंद्रों (58.7 प्रतिशत) और शहरी केंद्रों (56.6 प्रतिशत) का स्थान उसके बाद रहा और अर्धशहरी केंद्रों में 51.4 प्रतिशत का निम्नतम सी-डी अनुपात देखा गया।

6. जमा राशियों के आकार के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंक कार्यालयों के वितरण को देखने से यह पता चलता है कि कुल बैंक कार्यालयों में 60.7 प्रतिशत बैंक कार्यालय 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की जमा राशियों वाले थे। कुल जमा राशियों में इन बैंक कार्यालयों का योगदान 95.6 प्रतिशत और कुल बैंक ऋण में 92.5 प्रतिशत रहा। जिन कार्यालयों ने 10 करोड़ रुपये या अधिक का ऋण दिया उनका प्रतिशत कुल कार्यालयों में 36.5 रहा। समग्र रुप में इन कार्यालयों ने कुल बैंक ऋण का 92.4 प्रतिशत दिया, जबकि कुल जमा राशियों में उनका हिस्सा 76.6 प्रतिशत रहा।

# HIGHLIGHTS

1. “Quarterly Statistics on Deposits and Credit of Scheduled Commercial Banks-December 2008” provides data on aggregate deposits and gross bank credit of Scheduled Commercial Banks as on last Friday of December 2008. The data are based on Basic Statistical Return-7, received from the branches of all Scheduled Commercial Banks (including Regional Rural Banks).

2. The number of banked centres served by Scheduled Commercial Banks stood at 34,505. Of these centres, 28,230 were single office centres and 58 centres had 100 or more bank offices.

3. The top hundred centres, arranged according to the size of deposits accounted for 69.2 per cent of the total deposits and the top hundred centres arranged according to the size of bank credit accounted for 78.6 per cent of total bank credit. In December 2007, the corresponding share of top hundred centres in aggregate deposits and gross bank credit was 69.6 per cent and 77.4 per cent, respectively. Aggregate deposits of top hundred centres increased by 20.2 per cent in December 2008 over December 2007 compared to a growth of 26.8 per cent recorded a year ago. Growth rate of gross bank credit of top hundred centres at 25.3 per cent in December 2008 was higher as compared to 21.6 per cent growth recorded in December 2007.

   The Top 200 centres in terms of aggregate deposits covered 31.3 per cent of reporting offices and 74.2 per cent of aggregate deposits. The Top 200 centres in terms of gross bank credit, accounted for 82.1 per cent of gross bank credit and 30.8 per cent of reporting offices.

4. Nationalised Banks, as a group, accounted for 48.3 per cent of the aggregate deposits, while State Bank of India and its Associates accounted for 24.4 per cent. The share of Other Scheduled Commercial Banks, Foreign Banks and Regional Rural Banks in aggregate deposits were 18.6 per cent, 5.7 per cent and 2.9 per cent, respectively. As regards gross bank credit, Nationalised Banks held the maximum share of 49.0 per cent in the total bank credit followed by State Bank of India and its Associates at 23.4 per cent and Other Scheduled Commercial Banks at 18.7 per cent. Foreign Banks and Regional Rural Banks had relatively lower share in the total bank credit at 6.6 per cent and 2.3 per cent, respectively.

5. At the All–India level, the credit-deposit (C-D) ratio of All Scheduled Commercial Banks as on last Friday of December 2008 stood at 74.8 per cent. Among the States/Union Territories, the highest C-D ratio was observed in Chandigarh (113.4 per cent) followed closely by Tamil Nadu (112.9 per cent). At the bank group level, the C-D ratio was above the All-India ratio in respect of Foreign Banks (85.9 per cent), Nationalised Banks (75.8) and Other Scheduled Commercial (75.3 per cent) and was lower in case State Bank of India and its

Associates (71.5 per cent) and Regional Rural Banks (58.6 per cent). As regards population group-wise C-D ratio of All Scheduled Commercial Banks, metropolitan centres had the highest C-D ratio (89.9 per cent), followed distantly by rural centres (58.7 per cent) and urban centres (56.6 per cent). The semi-urban centres recorded the lowest C-D ratio at 51.4 per cent.

6. It is observed from the distribution of Scheduled Commercial Bank offices by size of deposits, that the offices with deposits of Rs.10 crore or more, accounted for 60.7 per cent of the bank offices, 95.6 per cent in terms of aggregate deposits and 92.5 per cent in total bank credit. The offices, which extended credit of Rs.10 crore or more, accounted for 36.5 per cent in terms of total number of offices. These offices together accounted for 92.4 per cent of total bank credit whereas their share in aggregate deposits was 76.6 per cent.